BSES

चोरी की बिजली से जगमग पंडाल में ले रहे थे सात फेरे

रंग में पड़ा भंग, कॉन्ट्रैक्टर पहुंचा जेल, भारी जुर्माना

- जागरूक उपभोक्ता ने दी थी बिजली चोरी की खबर

नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2007। अंदाजा लगाइये। आपके घर में किसी की शादी हो, मेहमानों, यार–दोस्तों और रिश्तेदारो से पंडाल भरा पड़ा हो। तेज आवाज में चल रहे भंगड़े पर लोग थिरक रहे हों ... कि अचानक बिजली कंपनी का छापा पड़े और रंग में भंग पड़ जाए। यदि आप यह सोच रहे हैं कि यह किसी फिल्म या टीवी सीरियल की स्क्रिप्ट है, तो आप गलत हैं। यह, दरअसल, पूर्वी दिल्ली इलाके में स्थित भोलानाथ नगर का एक सच्चा वाकया है, जहां हाउस नंबर 461, हांडा स्कूल के निकट, दल्हाई मोहल्ले में हो रही शादी के दौरान बीएसईएस एन्फोर्समेंट टीम का छापा पड़ा। वहां 30 किलोवॉट से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी गई।

दरअसल, बीएसईएस के एंटी करप्शन नंबरों– 39999777 / 888 पर एक जागरूक उपभोक्ता ने खबर दी कि उपरोक्त पते पर हो रही शादी में बिजली की जमकर चोरी हो रही है। बीएसईएस एन्फोर्समेंट टीम तुरंत हरकम में आई और जाकर मौके का मुआयना किया। हालांकि शादी के लिए टेंट का इंतजाम करने वाले कॉन्ट्रैक्टर ने एन्फोर्समेंट टीम की आंखों में धूल झोंकने की पूरी कोशिश की, लेकिन एनफोर्समेंट टीम ने आखिरकार वहां बिजली चोरी का पता लगा ही लिया।

हालांकि, टैंट आदि के इंतजाम में लगा तेजपाल ही इस बिजली चोरी को अंजाम दे रहा था, लेकिन छापेमारी की वजह से शादी के दौरान रंग में भंग पड़ गया और मेहमानों को बड़ा अजीब महसूस हुआ।

तेजपाल पर बिजली कानून के हिसाब से भारी जुर्माना किया गया, लेकिन उसने जुर्माने की रकम अदा नहीं की। इसके बाद बीवाईपीएल ने स्थनीय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई। तेजपाल को गिरफ्तार कर स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया।

चूंकि मौसम शादियों का है, इसलिए बीएसईएस के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने यहां शादी के आयोजन का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करें और बिजली के मामले को कॉन्ट्रैक्टर के भरोसे न छोडें। यह सुनिश्चित करें कि कॉन्ट्रैक्टर ने बिजली का अस्थायी कनेक्शन लिया हुआ है, ताकि शादी के दौरान कोई बखेड़ा खड़ा न हो।

बीएसईएस अधिकरारियों ने सभी डिविजन ऑफिसों को निर्देश दिए हैं कि शादी के उद्देश्य से अस्थायी कनेक्शन, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870/ 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999088/ 9350130304